आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.01.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत दस राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों में पैंसठ लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए।
- संसद का बजट सत्र इक्कतीस जनवरी से शुरू होगा।
- श्री विजयपुरम से मुख्यभूमि के लिए एम.वी कैम्पबेल बे जहाज की जनवरी माह के लिए यात्रा कार्यक्रम की घोषणा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अट्‌ठारहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज संपत्ति स्वामियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से पैंसठ लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। दस राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना लागू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ पच्चीस लाख से अधिक संपत्ति के दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि संपत्ति के उचित दस्तावेज न होना एक बड़ी समस्या है और इस कारण ही विवाद पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति के उचित प्रलेखन से बैंकों से ऋण मिल पाएगा और अवैध अतिक्रमण से संरक्षण मिलेगा। श्री मोदी कहा कि पिछले सात से आठ वर्षों में देश में अट्‌ठानब्बे प्रतिशत जमीन के रिकॉर्ड डिजिटल किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति के अधिकार उपलब्ध होने से ग्राम पंचायतों की समस्याओं का समाधान होगा और कहा कि संपत्ति के वैध दस्तावेज होने से आपदा के मामले में उचित दावा भी मिल पाएगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने स्वराज द्वीप में हाल ही में आतिथ्य क्षेत्र के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली पर कार्यशाला आयोजित की गई। यह सत्र स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप दोनों द्वीपों के होटलियर एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यशाला का लक्ष्य होटल मालिकों को ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली और आतिथ्य क्षेत्र में पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी देना था। ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो होटलों और रिसॉट्र्स द्वारा अपनाई गई पर्यावरण के अनुकूल पहलों और संसाधन प्रबंधन प्रथाओं का मूल्यांकन करने में मदद करता है। कार्यशाला के दौरान, प्रतिभागियों को अंकन प्रणाली और ग्रीन लीफ प्रमाणन प्राप्त करने के लिए आवश्यक विभिन्न मानदंडों के बारे में बताया गया। इन मानदंडों में अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण, जल दक्षता और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ सामग्रियों का उपयोग आदि शामिल हैं। सहायक आयुक्त वसंत प्रसाद दाभोलकर ने आतिथ्य उद्योग में टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। इस पहल के अंतर्गत होटलों का सर्वेक्षण सत्ताईस जनवरी से शुरू होगा। यह सर्वेक्षण होटलों और रिसॉट्र्स की पर्यावरणीय प्रबंधन प्रथाओं का आंकलन करेगा।

<><><><><><>

संसद का बजट सत्र इक्कतीस जनवरी से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लोकसभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण दस मार्च से चार अप्रैल तक होगा।

<><><><><><>

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा विज्ञान की नींव और अनुप्रयोग" विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम के तत्वावधान में छः दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। एफडीपी बीस जनवरी से पच्चीस जनवरी तक ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा प्रायोजित संकाय विकास कार्यक्रम शिक्षकों के शिक्षण और अनुसंधान कौशल को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अकादमिक विकास और नेटवर्किंग के अवसरों के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को एआई और डेटा विज्ञान के सिद्धांतों, कार्यप्रणाली और वास्तविक दुनिया के उपयोग की समझ के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविद और उद्योग जगत के जाने–माने विशेषज्ञ स्वास्थ्य, वित्त, शिक्षा जैसे विविध क्षेत्रों

में एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, जनरेटिव एआई, साइबर सुरक्षा और बिग डेटा पर व्याख्यान देंगे। इच्छुक इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान विषयों के संकाय सदस्य, शोध विद्वान, छात्र और उद्योग पेशेवर कल तक पंजीकरण करा सकते है।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता का ज़ायज़ा लेने के लिए, द्वीपों के स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर और पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने आज पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल गाराचरमा का दौरा किया और छात्रों के साथ बातचीत की। श्री लाल ने उन्हें अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने घर के आस–पास की सफाई भी बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी छात्रों से खुद को नशीले पदार्थों से दूर रहने और फिट रखने का आहवान किया। उन्होंने छात्रों से जल संरक्षण का भी आग्रह किया। दौरे के दौरान स्कूल की उप–प्रधानाचार्या ज्योति भी उपस्थित रहीं।

<><><><><><><>

टुसनाबाद रेंज के वन अधिकारियों ने गुरूवार को एक कार्यवाही करते हुए कैडलगंज वन क्षेत्र से अवैध लकड़ियां बरामद की है। वन विभाग की टीम ने जंगलों में अभियान चलाते हुए एक ऐसे क्षेत्र की पहचान की, जहां दो लोग पेडॉक लकड़ी को काट रहे थे। वन अधिकारियों के आने के भनक लगते ही दोनों अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। वन विभाग की टीम ने मौके से पेडॉक लकड़ी के चौदह टुकड़े बरामद किए है।

<><><><><><><>

पोर्ट मोट, बृंदाबन आरएफ – ब्लॉक–एक, कैडलगंज में हाल ही में रात्रि गश्ती अभियान के दौरान वन अधिकारियों की एक टीम ने अवैध रूप से एक पेडॉक पेड़ को काट रहे एक व्यक्ति को पकड़ा। अभियान के दौरान, दीपक सिंह नामक एक आरोपी ने चाकू से एक वनकर्मी को घायल कर दिया। जब स्थिति बिगड़ी तो आरोपी के भाई घन श्याम सिंह ने वन अधिकारियों को जान से मारने की धमकी दी। हमले की गंभीरता और ड्यूटी पर मौजूद सरकारी अधिकारियों को दी गई धमकियों के जवाब में, टुसनाबाद रेंज अधिकारी ने ओग्राब्राज थाने में मामला दर्ज कराया गया। मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कल आरोपियों को पकड़ लिया। अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियारों को बरामद कर जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम से मुख्यभूमि के लिए जहाजरानी निदेशालय द्वारा एम.वी कैम्पबेल बे जहाज की जनवरी माह के लिए यात्रा कार्यक्रम की घोषणा की गई है। जहाज चौबीस जनवरी को श्री विजयपुरम से शाम चार बजे विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा और इसकी वापसी उनतीस तारीख को विशाखापत्तनम से श्री विजयपुरम के लिए शाम चार बजे होगी। इस यात्रा के लिए टिकट बीस जनवरी से ई–टिकटिंग पोर्टल या स्टार्स टिकटिंग काउंटर से सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच खरीदे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित रामकृष्ण मिशन में इक्कीस जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयंती मनाई जाएगी। इस सिलसिले में मंदिर परिसर में सुबह साढ़े चार बजे मंगला आरती होगी। साढ़े सात बजे से विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। सुबह नौ बजे पुष्पांजलि, कथा उपनिषद पाठ और दिन में बारह बजे से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानन्द की एक सौ तिरसठवीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>